



# समर कैंप खुशियों की उड़ान का हुआ समापन



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 31 मई ।** शोभा शिक्षा समाज कल्याण एवं पर्यावरण समिति द्वारा जीवाजी क्लब में आयोजित एक माह लंबे समर कैंप च्खुशियों की उड़ान ङ्क सीजन 4ज्ज का रविवार को भव्य समापन समारोह जीवाजी क्लब में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर बच्चों ने पूरे महीने सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया।

### बच्चों ने प्रतिभा और हुनर का किया शानदार प्रदर्शन

शोभा शिक्षा समाज कल्याण एवं पर्यावरण समिति द्वारा आयोजित यह समर कैंप 1 मई से 31 मई तक संचालित किया गया, जिसमें 4 वर्ष से 16 वर्ष तक के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 11 बजे तक आयोजित होने वाले इस कैंप में बच्चों को करीब 15 प्रकार की गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें योग, डांस, स्केटिंग, राइफल शूटिंग, स्विमिंग सहित कई शारीरिक एवं रचनात्मक गतिविधियां शामिल रहीं। इसके अलावा प्रत्येक सप्ताह गुरुवार और रविवार को विशेष एडवेंचर गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें रॉक क्लाइम्बिंग, टार्जन स्विंग, हॉर्स राइडिंग और अन्य रोमांचक खेलों के माध्यम से बच्चों में साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास किया गया। कैंप के दौरान बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक नाश्ता भी उपलब्ध कराया गया। सभी गतिविधियां प्रशिक्षित कोचों के मार्गदर्शन में संचालित की गईं। समापन समारोह में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के बच्चों ने डांस, योग, राइफल शूटिंग की तकनीकों और अन्य गतिविधियों का मंच पर जीवंत प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

कैंप की आयोजक डॉ. पूजा सिंह ने बताया कि वह अपनी सास की प्रेरणा से पिछले चार वर्षों से यह समर कैंप आयोजित कर रही हैं। कैंप के समापन अवसर पर सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक जो भी सीख वह प्रदर्शन अभिभावकों के समक्ष किया एवं सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड दिए गए , यह समर कैंप सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से बच्चों को मजबूत बनाना भी हमारा मकसद है । इस मोबाइल की जिंदगी से बच्चे बाहर निकाल कर पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बच्चों को सीखने को मिली । एक माह तक चले इस समर कैंप के सफल समापन के साथ ही बच्चों और अभिभावकों ने अगले वर्ष फिर से च्खुशियों की उड़ानज्ज के नए संस्करण का इंतजार करने की बात कही। कार्यक्रम का समापन उत्साह, सम्मान और बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों के बीच हुआ।

### महेन्द्र सिंह ने बच्चों को दिए प्रमाणपत्र

समारोह के मुख्य अतिथि अपैक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव रहे, जिन्होंने कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कैंप के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### पढाई के साथ खेलकूद जरूरी

समारोह में उपस्थित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव ने कहा कि यह पहल बच्चों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को मोबाइल और स्क्रीन से दूर रखकर खेल, योग, तैराकी और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेरी पत्र वधू के द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है आने वाले भविष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है।

### बच्चों ने क्या कहा समापन समारोह पर



मैं पिछले दो वर्षों से खुशियों की उड़ान समर कैंप में शामिल हो रहीं हू । यहां मैंने योग और डांस सीखा। समापन समारोह में मैं स्टेज पर परफॉर्मेंस की, मुझे स्विमिंग करना बहुत पसंद था मैं यहां स्विमिंग करना सीखा, अगले साल मैं फिर इस कैंप में आना चाहूंगी।

– वृद्धि अग्रवाल



मैंने पहली बार इस कैंप को ज्वाइन किया था मुझे स्विमिंग और स्केटिंग सबसे ज्यादा पसंद आई। हर दिन कुछ नया सीखने को मिला। समापन समारोह में प्रमाण-पत्र और शील्ड पाकर मुझे गर्व महसूस हुआ। अगली बार फिर से कैंप में आऊंगी।

– शुभि शर्मा



मैं पिछले तीन वर्षों से इस समर कैंप से जुडा हुआ हूँ । राइफल शूटिंग में मेरी विशेष रुचि है । यहां सभी कोच मुझे और मेरे साथ अन्य को भी बेहद अच्छे तरीके से ट्रेनिंग देते हैं, समर कैंप के समापन में मुझे प्रमाण पत्र और शील्ड दी गई मुझे बहुत अच्छा लगा अगली बार फिर से इस कैंप को जॉइन करूंगा।

– वैभव शर्मा



# राजयोग ध्यान से बदल सकती है जिंदगी : बीके प्रहलाद

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 31 मई ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मेडिकल विंग (आरईआरएफ) और भारत सरकार के सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में देशव्यापी नशा मुक्त भारत अभियानज्ज के तहत शहर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कड़ी में पुराना हाईकोर्ट लाइन स्थित संगम भवन सेवाकेंद्र और ऐतिहासिक महाराज बाड़े पर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक कर नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस : ब्रह्माकुमारीज और सामाजिक न्याय विभाग ने चलाया नशामुक्त भारत अभियान

**नशा धीरे-धीरे सब कुछ नष्ट कर देता है :** संगम भवन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में बीके प्रहलाद ने समाज को सचेत करते हुए कहा कि नशा, नाश की जड़ है केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का कड़वा सच है। नशा शुरुआत में तनाव से राहत या क्षणिक आनंद का साधन लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति की सेहत, धन, समय, संबंध और सामाजिक सम्मान सब कुछ नष्ट कर देता है। इसकी गिरफ्त में आकर व्यक्ति अपना मानसिक व शारीरिक संतुलन खो बैठता है।

**कैंसर और हृदय रोग का मुख्य कारण तंबाकू :** चिकित्सकीय दृष्टिकोण रखते हुए बीके डॉ. गुरचरण सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों जैसी घातक समस्याओं का मुख्य कारण है। नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेलता है। इसलिए समय रहते इस लत से दूरी बनाना अनिवार्य है।

**राजयोग और आत्मबल से मिलेगी मुक्ति :** महाराज बाड़े पर बड़ी संख्या में मौजूद श्रमिक भाइयों को संबोधित करते हुए बीके जीतू ने कहा कि नशे की लत से मुक्ति पाने में च्राजयोग ध्यानज्ज एक अचूक औषधि की तरह काम करता है। इसके नियमित अभ्यास से इच्छाशक्ति मजबूत होती है और व्यक्ति नकारात्मक आदतों पर विजय पा लेता है। वहीं, बीके पवन ने सभी को आत्मबल बढ़ाने और सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने की सीख दी।

### लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में महाराज बाड़े और संगम भवन दोनों ही स्थानों पर उपस्थित जनसमूह को किसी भी प्रकार का नशा न करने और अपने परिचितों को इससे दूर रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुमेर, सुरेश, नारायण, मनोज, अभय, किरण, रामसिंह, बीएम सोनी, अनूप, एडवोकेट जितेंद्र, रामसेवक, रीता, गीता, राधा, मोहिता, माधवी, विनीत और डॉ. शुभम सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे

# पर्याप्त वर्षा के लिए ब्राह्मण करेंगे विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 31 मई।** सकल ब्राह्मण महासमिति की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कार्यालय में संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। बैठक का संचालन महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज ने किया।

### आचार्य चाणक्य जन्मोत्सव पर 1 जून से पक्षियों को सकोरे रखने का अभियान शुरू होगा



महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में सकल ब्राह्मण महासमिति मथुरा वृंदावन श्रीकृष्ण जन्मभूमि दर्शन यात्रा 15 जून को लेकर जाएंगी। सभी धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने के पश्चात निधिवन में पंडित गिरिराज गुरुजी ,पंडित ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री के मुख्य आचार्यत्व में 31 ब्राह्मण यजमानों द्वारा भगवान विष्णु के 1001 नाम लेकर तुलसी के पत्तों को अर्पित कर विष्णु सहस्त्रनाम पाठ ग्वालियर को सूखें से बचाने,पर्याप्त जल वर्षा के लिए सभी की सुख ,समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर होगा।

पक्षियों को पीने का पानी के लिए सकोरे एवं दाना पानी ब्राह्मण गौरव दिवस एवं आचार्य चाणक्य जन्मोत्सव पर ब्राह्मण की छत पर रखने का 1 जून से शुभारंभ करेंगे। वृंदावन निधि वन में कार्यक्रम का दायित्व अनिल त्रिपाठी को सौंपा गया है।

वृंदावन निधि वन में भगवान श्री विष्णु सहस्रनाम पाठ के यजमानों में डॉक्टर जयवीर भारद्वाज, प्रकाश नारायण शर्मा, गिरिराज गुरुजी,डॉ. मुन्ना लाल शर्मा, श्याम बाबू शर्मा, देवेंद्र कुमार पाठक, कृष्ण बिहारी दुबे, ब्रह्म दत्त पाण्डेय, शैलेंद्र तिवारी, योगेश मिश्रा, राजेश तिवारी, गेंदालाल पाठक, योगेंद्र दीक्षित, अंश शर्मा, बीना भारद्वाज,रचना गौड़, माया भारद्वाज, संगीता शर्मा, सुधा दीक्षित, उर्मिला शर्मा, रेणु शर्मा, अनिता दीक्षित, रेखा चतुर्वेदी, वंदना चतुर्वेदी, रेखा शर्मा, अंजू दीक्षित, शशि शर्मा, प्रीति शर्मा, अल्का मिश्रा, संध्या तिवारी, तरुण लता पाठक, स्वाति शर्मा, माया दीक्षित मुख्य हैं। आभार देवेंद्र कुमार पाठक ने माना।

# किलागेट क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण, 9 वाहनों के चालान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 31 मई ।** अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए यातायात पूर्व एवं थाना ग्वालियर पुलिस की टीम ने हजीरा से किलागेट चौराहा तक तथा बाबा कपूर तिराहा तक रोड पर लगे फल, सब्जी के हाथ ठेलों, दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर रखा गया सामान हटवाया गया। साथ ही नो-पार्किंग क्षेत्र में ख? 09 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 4500/- रुपये का समन शुल्क वसूला गया। अभियान के परिणामस्वरूप हजीरा से किलागेट चौराहा, तथा किलागेट चौराहा से बाबा कपूर दरगाह एवं सराफा क्षेत्र तक यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाकर मार्गों को सुगम बनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में अव्यवस्थित रूप से ख? वाहनों को भी हटाया गया, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके और यातायात का संचालन निर्बाध रूप से हो सके।

### यातायात पूर्व एवं थाना ग्वालियर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) अनु बेनीवाल के निर्देशन में ग्वालियर पुलिस द्वारा डीएसपी यातायात अजीत सिंह चौहान, सीएसपी ग्वालियर के.पी.सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ग्वालियर निरीक्षक प्रशांत शर्मा, एवं थाना प्रभारी यातायात गोला का मंदिर सूबेदार अभिषेक रघुवंशी के नेतृत्व में थाना ग्वालियर एवं थाना यातायात पूर्व के बल द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। पुलिस ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें तथा यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग प्रदान करें।








# शिविर में 300 बच्चों ने हाथ में जिनवाणी थामकर किया महापूजन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 31 मई ।** जैन मिलन युगल नेमिनाथ ग्रेटर ग्वालियर के तत्वाधान में चल रहे 26 मई से 02 जून तक आठ दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर दाना ओली स्थित दिगंबर पार्श्वनाथ नया जैन मंदिर में चल रहे शिविर में आज रविवार को जैन समाज के 300 बालक बालिकाओं ने जैन धर्म के तीर्थकर भगवान जिनेंद्र की विशेष पूजा अर्चना करना सिखी।बच्चों ने पूजन के संबंधित सवाल भी शिक्षकों से पूछे।

आज सुबह बच्चे जल्दी मंदिर पहुंचकर भगवान जिनेंद्र के दर्शन किए। वही विद्वान शिक्षकों पंडित डॉ विजय जैन, सम्यक जैन ओर पवन जैन शास्त्री ने पूजन की विधि क्रियाएं बच्चों को बताई। वही बच्चों ने हाथ में जिनवाणी थाम कर नमन कर भगवान जिनेन्द्र का पूजन जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेद, दीप, धूप, फल आदि पूजा सामग्री से महाअर्घ्य समर्पित करवाये। वही बच्चो ने प्रश्न करते हुए पूछा कि हम मंदिर में कैसे प्रवेश करें, हम भगवान जिनेंद्र देव का अभिषेक कैसे करें ओर पूजन में अर्घ्य कैसे समर्पित करें, हमे भगवान की आराधना के साथ भगवान की परिक्रम और भक्ति करने से हमारे जीवन में क्या परिर्वतन आता है। वही जबाव में बच्चों को समझते हुए शिविर के विद्वानों शिक्षकों ने कहा कि यह बातें हमे भले ही सरल लगती हो लेकिन इनका मंहत्तव और ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

**पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक बनाने :** **श्रेया पटनी** - जैन शिविर के अंतर्गत च्पर्यावरणीय कानून एवं जैन दर्शनज्ज विषय पर अतिथि एडवोकेट श्रेया जैन पाटनी ने मोटिवेशन के द्वारा बताया कि बच्चों को बताया कि जैन धर्म के मूल सिद्धांत जैसे अहिंसा, अपरिग्रह तथा समस्त जीवों के प्रति करुणा आधुनिक पर्यावरणीय कानूनों के उद्देश्यों से पूर्णत: मेल खाते हैं।

प्रतिभागियों को जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा जैव विविधता के संरक्षण जिससे पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। वही एडवोकेट श्रेया जैन का सम्मान मंजू जैन संस्थापक अध्यक्ष शिविर निदेशक रवि जैन (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष), क्षेत्रीय युवा संयोजक पारस जैन, शिविर संयोजक ऋषभ जैन, संस्था अध्यक्ष कुणाल जैन, सचिव अमित जैन, कोषाध्यक्ष अंकुश जैन आदि ने किया। वही शिविर के शिवार्थियो को प्रश्न उतर सही बताने पर अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मान किया।

### आज होगी बच्चों की लिखित परीक्षा, कल निकलेगी रैली

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर में विद्वानों द्वारा बच्चों और महिलाओ को दी गई शिक्षाओं की लिखित परीक्षा कल यानी 01 जून को सुबह आठ बजे से आयोजित होगी। वहीं 02 जून को शिविर के समापन पर शाकाहार रैली सुबह 6 बजे निकलने के साथ शिविर मे धार्मिक शिक्षा संस्कार देने वाले विद्वानों का सम्मान ओर परीक्षा में अच्छे अंक आने बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

